*This question paper contains 8 printed pages.*

**9803**

Your Roll No. ..................................

**B.El.Ed.** **B**

Paper – C-1.1

NATURE OF LANGUAGE

*Time* : 2 hours *Maximum Marks* : 35

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

NOTE:— *Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

टिप्पणी:— *इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Answer all questions.*

*सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

1\. (*a*) Identify the mentioned elements in the following sentence :

निम्नलिखित वाक्य में उल्लेखित तत्त्वों का अभिनिर्धारण कीजिए :

'The villagers feared that the ruthless man-eater will strike back.'

(*i*) Two inflectional morphemes.

दो श्लिष्टयोगात्मक (विभक्ति प्रधान) रूपिम।

(*ii*) One derivational morpheme which is class changing.

एक वर्ग परिवर्ती व्युत्पत्तिमूलक रूपिम

(*iii*) One free functional morpheme.

एक मुक्त प्रकार्यात्मक रूपिम। 4

(*b*) Discuss *two* major differences between Inflectional and Derivational morphemes.

श्लिष्टयोगात्मक और व्युत्पत्तिमूलक रूपिम में दो प्रमुख भिन्नताओं का विवेचन कीजिए। 2

(*c*) Compare any *two* languages (along with suitable examples) with respect to plural formation.

बहुवचन निर्माण के संबंध में किन्हीं दो भाषाओं (उपयुक्त उदाहरणों सहित) की तुलना कीजिए। 3

*Or* (अथवा)

Look carefully at the consonant clusters in the beginning of the given words and answer the questions that follow:

दिए गए शब्दों के प्रारंभ में व्यंजन गुच्छों पर ध्यान दीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

strong / s t r ɔ ŋ /, scream / skriːm /, splash / s p l æ ʃ

(*a*) Which consonants can appear in the first, second and third place respectively in an initial consonant cluster?

प्रारंभिक व्यंजन गुच्छ में कौनसे व्यंजन क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आएँगे? 3

(*b*) What are the phonetic characteristics of these consonants?

इन व्यंजनों के स्वनिक अभिलक्षण क्या हैं? 2

(*c*) What happens to the consonant cluster when someone has difficulty pronouncing words beginning with such clusters? Illustrate with examples.

व्यंजन गुच्छ का क्या होता है जब किसी को ऐसे गुच्छों से प्रारंभ होने वाले शब्दों के उच्चारण में कठिनाई होती है? सोदाहरण निदर्शन कीजिए। 2

(*d*) Give *two* examples each of consonant clusters beginning with str-, spl- different from the ones given above.

str-, spl- से प्रारंभ होने वाले व्यंजन गुच्छों में से प्रत्येक के उपर्युक्त से भिन्न दो-दो उदाहरण दीजिए। 2

2. Read the following passage in English and Hindi carefully and answer the questions based on it:

निम्नलिखित गद्यांश को अंग्रेज़ी और हिन्दी दोनों में ध्यानपूर्वक पढ़िए और उन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

'We had crossed the border and signs of poverty were everywhere. On one side of the road, there were broken mud houses. On the other side were some small huts with tattered roofs. Children dressed in rags were playing with discarded toys.'

'हमने सरहद पार कर ली थी और हर तरफ गरीबी के निशान थे। सड़क के एक तरफ मिट्टी के टूटे हुए घर थे। दूसरी तरफ जर्जर छतों वाली कुछ छोटी झोंपड़ियाँ थीं। चिथड़ों में लिपटे बच्चे फेंके हुए खिलौनों से खेल रहे थे।'

(*a*) What can you generalize about the word-order in the two languages (subject, verb, object, etc.)?

दोनों भाषाओं (कर्त्ता, क्रिया, कर्म आदि) में शब्द क्रम के बारे में आप क्या सामान्यीकरण कर सकते हैं? 3

(*b*) Discuss the agreement between the various Nouns and the Verb in English and Hindi.

अंग्रेज़ी और हिन्दी में विभिन्न संज्ञाओं और क्रियाओं की व्यवस्था का विवेचन कीजिए। 3

(*c*) Discuss the grammatical function of the words 'broken', 'tattered', and 'discarded' in the passage. Comment on their form.

गद्यांश में 'broken', 'tattered' और 'discarded' शब्दों के व्याकरणिक प्रकार्य का विवेचन कीजिए। उनके रूप पर टिप्पणी कीजिए। 3

*Or* (अथवा)

Read the given sentences and answer the questions that follow:

दिए गए वाक्यों को पढ़िए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(*i*) यह स्मारक सोलहवीं सदी में बनाया गया था।

(*ii*) Many new techniques have been used in building this bridge.

(*iii*) The names of the award-winners will be announced right after the President's address.

(*iv*) अब तो 5 साल तक के लगभग हर बच्चे को पोलियो की दवा पिलाई जाती है।

(*a*) What type of sentences are these?

ये किस प्रकार के वाक्य हैं? 1

(*b*) What is the basic condition (regarding the main verb) to form such sentences?

ऐसे वाक्य बनाने (मुख्य क्रिया के संबंध में) की आधारभूत शर्त क्या है? 2

(*c*) Discuss the steps required to form such sentences from their basic declarative form in English and Hindi.

अंग्रेज़ी और हिन्दी में मूल निर्देशक रूपों से ऐसे वाक्य बनाने के लिए अपेक्षित चरणों का विवेचन कीजिए। 4

(*d*) In what situations / contexts are these type of sentences used?

ऐसे वाक्यों का उपयोग किन स्थितिपरक संदर्भों में होता है? 2

3. (*a*) Identify the features of human language that the samples given below typify. Discuss these features.

मानव भाषा की उन विशिष्टताओं का अभिनिर्धारण कीजिए जिनका ये नमूने प्रतिनिधित्व करते हैं। इन विशिष्टताओं का विवेचन कीजिए। 6

(*b*) To what extent are these features exhibited in animal communication?

ये विशिष्टताएँ किस हद तक पशुओं के संप्रेषण में लक्षित होती हैं? 3

Samples:—

(*i*) "Oh, you call it 'billi'? In our language, it is called 'biral'."

(*ii*) "We went to the Hawaii Islands last year and next year we might go to the North Pole."

(*iii*) o/s/t/e/a/k/p = set, poke, paste, tea, past, toast, ....

*Or* (अथवा)

Read the following piece of conversation given in two varieties of Hindi and answer the questions based on these :

निम्नलिखित वार्तालाप को पढ़िए जो हिन्दी के दो भाषा-भेदों में दिया गया है और उन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

"क्या बताएँ, इस सर्दी के मारे नानी याद आ गई। जितने भी कपड़े पहनो, कम पड़ते हैं। आग जला कर रजाई में बैठे रहो तो ठीक है लेकिन ऐसे कब तक काम चलेगा।" (खड़ी बोली)

"का कहल जई, अइजा जारा के मारे नानी याद आ रहल बिया। जितना कपरा पहनब सब कम परी। घुर जलाई के रजाई में घुसल रहना ता ठीक बा, लेकिन अइसे कब तक काम चली।" (भोजपुरी)

(*a*) What type of language variation does the above example illustrate?

उपर्युक्त उदाहरण किस प्रकार के भाषा विचरण (भिन्नता) का निदर्शन करता है? 1

(*b*) What are the other *two* major types of language variation within the speakers of any language? Discuss with examples.

किसी भाषा के वक्ताओं में भाषा भिन्नता के अन्य दो प्रमुख प्रकार क्या हैं? सोदाहरण विवेचन कीजिए। 4

(*c*) Discuss the reasons for considering a particular language variety as standard. What is the sociolinguistic perspective on 'standard language'?

किसी एक विशिष्ट भाषा-भेद को मानक मानने के कारणों का विवेचन कीजिए। 'मानक भाषा' के संबंध में समाज-भाषा-वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य क्या है? 4

Do you agree with the following? Support your answer with suitable explanations / examples. (Do any *two*.)

क्या आप निम्नलिखित से सहमत हैं? उपयुक्त उदाहरणों / व्याख्याओं से अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। (कोई दो कीजिए।)

(*a*) Any language can be written in any script.

कोई भी भाषा किसी भी लिपि में लिखी जा सकती है।

(*b*) Deep structure helps in bringing out the different meanings of Ambiguous sentences.

गहन संरचना संदिग्धार्थक वाक्यों के विभिन्न अर्थों को उभारने में सहायक होती है।

(*c*) India is a linguistic area because many different languages and language families exist here.

भारत एक भाषा-वैज्ञानिक क्षेत्र है क्योंकि यहाँ भिन्न-भिन्न भाषाओं और भाषा परिवारों का अस्तित्व है। $4 \times 2 = 8$